राजस्थान सरकार
कार्यालय आयुक्त उद्योग
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, जयपुर– 302005

क्रमांकः एफ13( )आ.उ / हा.क. / IIHT / 2020–21 दिनांक 03/11/2020

निदेशक,
भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिक संस्थान,
चौखा रोड, चौखा, जोधपुर–342001 ।

विषय : शैक्षणिक सत्र 2020–21 में प्रथम वर्ष डिप्लोमा कोर्स (DHTT) में रिक्त रही सीटों को भरने के संबंध में।
प्रसंग : आपका पत्र क्रमांक IHTJ / ट्रेनिग.5(12) / 630 दिनांक 21.10.2020.

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के संबंध में लेख है कि शैक्षणिक सत्र 2020–21 में प्रथम वर्ष डिप्लोमा कोर्स के लिये राजस्थान राज्य को आवंटित 17 सीटों मे से रिक्त रही 07 सीटों को भरने के लिये संलग्न संशोधित विज्ञप्ति को भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिक संस्थान, जोधपुर की वैबसाईट पर अपलोड किये जाने की अनुमति प्रदान की जाती है।

संलग्न : उपरोक्तानुसार

भवदीय।

(अर्चना सिंह)
आयुक्त उद्योग

वेबसाईट– industries.rajasthan.gov.in, ई-मेल– indraj.....@rajasthan.gov.in
EPABX-0141-2227630, 2227727, 29, 31, 32, 33, 34

राजस्थान सरकार
कार्यालय आयुक्त उद्योग
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, जयपुर – 302005

संशोधित विज्ञप्ति–II

भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर से हाथकरघा प्रौद्योगिकी में त्रिवर्षीय डिप्लोमा कोर्स के प्रथम वर्ष में आवेदकों की काउंन्सलिंग के उपरान्त रिक्त रही 7 सीटों को भरने के लिये आवेदन करने की अन्तिम तिथि 10.11.2020, मंगलवार है।

भारतीय **हाथकरघा** प्रौद्योगिकी संस्थान, राधाकृष्णापुरम चौपासनी चौखा रोड, जोधपुर –342001 राजस्थान में त्रिवर्षीय (6 सेमेस्टर) हाथकरघा एवं वस्त्र प्रौद्योगिकी डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं।

1. राजस्थान राज्य कोटे हेतु रिक्त रही कुल सीटें – 7
2. आवेदन हेतु पात्रता मापदण्ड

अ– अभ्यार्थी सैकण्डरी या समकक्ष उत्तीण होना चाहिए तथा इस परीक्षा में अंग्रेजी एक अध्ययन का विषय रहा हो।

ब– आयु सीमा–अभ्यार्थी की दिनांक 01.07.2020 को आयु न्यूनतम 15 वर्ष एवं अधिकतम 23 वर्ष एवं अनुसूचित जाति / जन जाति के अभ्यार्थियों के लिए न्यूनतम 15 वर्ष एवं अधिकतम 25 वर्ष तक होनी अनिवार्य है।

स– राज्य सरकार की नीति अनुसार अ.जा / ज.जा. / अन्य पिछडा वर्ग के लिये नियमानुसार आरक्षण रहेगा।

द– बुनकर समुदाय के अभ्यार्थियों हेतु कुल सीट का 20 प्रतिशत आरक्षण रहेगा। इस समुदाय के पर्याप्त संख्या में अभ्यार्थी नहीं मिलने पर शेष रिक्तियां अन्य श्रेणी से भरी जायेगी।

य– अन्तिम तिथि– आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में मय शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्रों के दिनांक 10 नवम्बर, 2020 मंगलवार तक जिला उद्योग केन्द्र, न्यू पावर हाउस रोड, मिनी उद्योग भवन, जोधपुर में अवश्य प्राप्त हो जाना चाहिए। इसके पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

विशेष :–

1– प्रवेश प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को सरकार द्वारा निर्धारित दर से स्टाईपेन्ड प्राप्त होगा।

2– त्रिवर्षीय डिप्लोमा कोर्स उत्त्तीण विद्यार्थी संबंधित ब्रान्च में इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु आवेदन करने के लिये भी पात्र होते हैं।

नोट :– आवेदन पत्र प्रत्येक जिले में जिला मुख्यालय पर स्थित जिला उद्योग केन्द्र कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए जिला उद्योग केन्द्र कार्यालय में सम्पर्क करें । आवेदन पत्र मुख्यालय की वैबसाईट **http://industries.rajasthan.gov.in/content/industries/doi/programmesSchemes/stateGovernmentLevel.html #** पर एवं भारतीय **हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर की वैबसाईट www.iihtjodhpur.com पर** भी उपलब्ध है।

आयुक्त उद्योग

वेबसाईट– industries.rajasthan.gov.in, ई-मेल– indraj.....@rajasthan.gov.in
EPABX- 0141-2227630, 2227727, 29, 31, 32, 33, 34